भारत सरकार

मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय

पशुपालन और डेयरी विभाग

लोकसभा

अतारांकित प्रश्न संख्या - 2558

दिनांक 04 अगस्त, 2026 के लिए उत्तर

दूध का लाभकारी मूल्य

2558. श्री राकेश राठौरः

श्री रामवीर सिंह बिधूड़ीः

क्या **मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या दूध उत्पादकों को भुगतान किए जाने वाले खरीद मूल्य और उपभोक्ताओं से लिए जाने वाले खुदरा मूल्य के बीच अत्यधिक अंतर के कारण डेयरी किसानों को अपने उत्पादन का लाभकारी मूल्य प्राप्त नहीं हो रहा है और यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं;

(ख) क्या सरकार ने मूल्य में इस प्रकार के अंतर के कारणों जैसे प्रसंस्करण, परिवहन, विपणन, बिचौलियों और अन्य संबद्ध लागतों का कोई अध्ययन कराया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार के पास यह सुनिश्चित करने के लिए कोई नीति बनाने या कोई तंत्र विकसित करने का कोई प्रस्ताव है कि डेयरी किसानों को दूध और दूध उत्पादों के उपभोक्ता मूल्यों में वृद्धि का उचित हिस्सा मिले;

(घ) डेयरी किसानों की आय बढ़ाने की दृष्टि से सहकारी डेयरियों, किसान उत्पादक संगठनों (एफ.पी.ओ.), प्रत्यक्ष विपणन, मूल्य संवर्धन और डेयरी प्रसंस्करण अवसंरचना को सुदृढ़ करने के लिए सरकार द्वारा क्या कदम उठाए जा रहे हैं; और

(ङ) क्या दिल्ली की कोई सहकारी समिति भी नए बनाए गए दूध आपूर्ति समीक्षा डैशबोर्ड पोर्टल पर सक्रिय हुई है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और डैशबोर्ड पोर्टल पर सक्रिय समितियां कौन-कौन सी हैं?

उत्तर

मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्री

(श्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह)

(क) से (ग) भारत सरकार (GoI) के पशुपालन और डेयरी विभाग (DAHD) को ऐसी कोई रिपोर्ट प्राप्त नहीं हुई है। दूध की कीमतें बाज़ार की स्थितियों के आधार पर डेयरी सहकारी समितियों और निजी डेयरियों द्वारा निर्धारित की जाती हैं।

(घ) जून 2026 तक की स्थिति के अनुसार, राष्ट्रीय डेयरी विकास कार्यक्रम (NPDD) की वित्तीय सहायता से गाँव स्तर पर 36,611 नई डेयरी सहकारी सोसायटियाँ (DCS) बनाई गई हैं और 34,557 DCS को सुदृढ़ किया गया है। प्रतिदिन लगभग 168 लाख लीटर (LLPD) दूध शीतलन क्षमता स्थापित की गई है तथा 76,748 गुणवत्ता परीक्षण उपकरण वितरित किए गए हैं। पशुपालन

अवसंरचना विकास निधि (AHIDF) के अंतर्गत, सहकारी और निजी दोनों क्षेत्रों में कुल 418 LLPD दूध प्रसंस्करण एवं मूल्यवर्धन क्षमता वाली परियोजनाओं को अनुमोदन दिया गया है।

(ङ) मिल्क सप्लाई रिव्यू डैशबोर्ड पोर्टल के आँकड़े नेशनल कोऑपरेटिव डाटाबेस (NCD) से जुड़े हुए हैं। इनके अनुसार दिल्ली में कुल तीन (3) डेयरी सहकारी सोसायटियाँ सक्रिय रूप मे पंजीकृत हैं। विवरण इस प्रकार है:

क्रम सं.	**NCD - ID**	सहकारी समिति का नाम	**जिला**	**पंजीकरण की तिथि**
1	C070090411338	मनोज सहकारी डेयरी सोसायटी लि.	पश्चिम	2003-06-05
2	C070090368860	हंस सहकारी डेयरी सोसायटी लि.	पश्चिम	2003-02-17
3	C070090558546	बिजेन्दर सहकारी डेयरी सोसायटी लि.	पश्चिम	1970-01-01

****